हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 27 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 44.2 डिग्री
न्यूनतम 20.8 डिग्री


12 अतिथि अध्यापकों को नियमित करने व टैट शर्त ...





12 1857 के शहीदों को मिलेगा सम्मान निर्मित ...




## खबर संक्षेप

### विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे दो लाख

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर गांव देवधर निवासी गुरनाम सिंह से दो लाख रुपए हड़प लिए गए। आरोप अमनदीप सिंह व वीरेंद्र सिंह उर्फ वीरू पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव देवधर निवासी गुरनाम सिंह ने प्रताप नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### शौक पूरा करने के लिए चोरी की बाइक

**पानीपत।** आठ मरला चौकी पुलिस ने शनिवार शाम को गोहाना रोड पर पुराना शुगर मील के नजदीक शराब ठेके के पास विकास उर्फ सोनू पुत्र बलकार निवासी कश्यप कॉलोनी जाटल रोड को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी सुनील ने बताया कि बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना मॉडल टाउन में गांव चुलकाना निवासी राजेश पुत्र जयसिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### महिला चोर पकड़ी 75 हजार बरामद

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस ने पाथरी माता मेले में महिला रीना पत्नी सोनू निवासी गांव बिंझौल जिला के गले से सोने की चेन चोरी करने वाली आरोपी महिला राजो उर्फ लाजो पत्नी रणजीत निवासी नन्हेडी फतेहाबाद हाल किरायेदार वधावाराम कॉलोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि सोने की चेन चोरी की वारदात बारे थाना मतलौडा में सोनू पुत्र प्रेम सिंह निवासी गांव बिंझौल की शिकायत पर केस दर्ज है। वीरेंद्र ने बताया कि राजो ने चोरी की गई चेन अज्ञात युवक को 1.20 लाख रूपए में बेची थी। पुलिस ने आरोपी से 75 हजार रुपये बरामद किए है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, एक की मौत

**नारायणगढ़।** अंबाला मार्ग पर बड़ागांव बस अड्डे के पास शुक्रवार रात सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और पोता गंभीर रूप से घायल हो गए।मृतक की पहचान जयपाल के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी परमजीत और पोते यूनिक के साथ बाइक पर जा रहे थे। हादसा उस समय हुआ जब उनकी बाइक बिना इंडिकेटर के खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई।हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस ने चश्मदीद की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रंजिश में युवक पर चाकू से हमला कर किया घायल

**यमुनानगर।** शहर के ममीदी क्षेत्र में रंजिश के चलते कुछ युवकों ने कुलविंदर पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। आरोपियों पर जाति सूचक शब्द बोलने का भी आरोप है। घायल युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कुलविंदर ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले सोनू त्यागी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया मगर इसके बाद से आरोपी सोनू त्यागी उससे रंजिश रखने लगा। कुलविंदर ने बताया कि 24 अप्रैल को रात साढ़े आठ बजे वह कॉलोनी में ही किसी काम से जा रहा था। इस दौरान आरोपी सोनू त्यागी ने अपने साथियों रितिक कश्यप, वंश व तुषार के साथ मिलकर उसे पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। इस दौरान आरोपियों ने उसे जाति सूचक शब्द भी बोले। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## चार्ट और मॉडल के जरिए खेल-खेल में समझ रहे कठिन अवधारणाएं

# सरकारी स्कूलों में हरबंस पजल्स से गणित हुआ आसान, बच्चों में बढ़ी सीखने की ललक

## 9वीं-11वीं की परीक्षाओं में भी शामिल हो सकते हैं हरबंस पजल्स सवाल

- शिक्षा विभाग की नई पहल से बढ़ा आत्मविश्वास और तार्किक क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार नवाचार किए जा रहे है। इसी क्रम में जिले के स्कूलों में गणित विषय को रोचक और सरल बनाने के लिए हरबंस पजल्स जैसी गतिविधियों को अपनाया गया है। यह पहल विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक साबित हो रही है बल्कि उनके अंदर सीखने की नई उत्सुकता भी पैदा कर रही है। स्कूलों में आयोजित इन गतिविधियों के तहत विद्यार्थियों से गणित से जुड़े चार्ट और मॉडल तैयार करवाए जा रहे है। इससे बच्चे केवल किताबों तक सीमित न रहकर व्यावहारिक रूप से विषय को समझ पा रहे है। खास बात यह है कि बच्चे इन गतिविधियों में पूरे मनोयोग के साथ भाग ले रहे है और कठिन से कठिन सवालों को भी आसानी से हल करने की कोशिश कर रहे है। खेल-खेल में मजबूत हो रही नींव पारंपरिक शिक्षा पद्धति में जहां गणित को कठिन विषय माना जाता है वहीं इस नई पहल के जरिए इसे रोचक बनाया जा रहा है। हरबंस पजल्स के माध्यम से बच्चे पहेलियों और गतिविधियों के जरिए गणित के सिद्धांतों को समझ रहे है। इससे उनकी तार्किक क्षमता और सोचने-समझने की शक्ति में भी वृद्धि हो रही है।शिक्षकों का मानना है कि इस तरह की एक्टिविटी आधारित शिक्षा से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे विषय को लेकर डर महसूस नहीं करते। यही कारण है कि स्कूलों में इस पहल के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे है।



अंबाला। हरबंस पजल्स का मॉडल प्रस्तुत करते छात्र। फोटो : हरिभूमि

### पहल से दिख रहा बदलाव

शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई यह पहल स्कूलों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है। इस तरह की गतिविधियों से बच्चों को सीखने का नया तरीका मिल रहा है जिससे उनका समग्र विकास हो रहा है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि इससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ी है और वे घर पर भी गणित से जुड़े सवालों को उत्साह के साथ हल कर रहे है

### क्या है हरबंस पजल्स

गणित अध्यापक ने बताया कि यह जापान की मशहूर केन केन पहेली का भारतीय स्वरूप है। इसका नाम हर बंदा समझदार के संक्षिप्त रूप पर रखा गया है जिसका उद्देश्य यह संदेश देना है कि हर बच्चा गणित सीखने और मुश्किल समस्याओं को सुलझाने की क्षमता रखता है। इसे हरियाणा के राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम द्वारा विकसित किया गया है। हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा 9वीं और 11वीं कक्षा की गणित की परीक्षाओं में अब हरबन्स पजल्स से जुड़े सवाल पूछे जा सकते है।

### अध्यापक जसविंद्र की पहल बनी प्रेरणा



राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर में गणित अध्यापक जसविंद्र सिंह इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वे विद्यार्थियों को हरबंस पजल्स के माध्यम से गणित सिखाने में विशेष रुचि ले रहे है। उनके मार्गदर्शन में बच्चे न केवल नई-नई गतिविधियां कर रहे है बल्कि अपनी रचनात्मकता का भी प्रदर्शन कर रहे है। उनका मानना है कि यदि बच्चों को विषय को समझाने का तरीका बदल दिया जाए तो वे किसी भी विषय में बेहतर प्रदर्शन कर सकते है। यही सोच उन्हें लगातार नवाचार करने के लिए प्रेरित करती है।

## 8 हजार क्विंटल टायर और ट्रैक्टर जलकर खाक

# मुकारमपुर के टायर प्लांट में भीषण आग से भारी नुकसान

## दमकल की 16 गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

- तीन किलोमीटर दूर तक दिखीं आग की लपटें और काले धुएं का गुबार
- आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव मुकारमपुर स्थित खान टायर प्लांट में बीती देर रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी भयावह थी कि उसकी लपटें और काले धुएं का गुबार करीब तीन किलोमीटर दूर तक दिखाई देता रहा। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की एक के बाद एक 16 से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद सुबह तक आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन प्लांट में रखा टायरों का स्टॉक जलकर खाक हो गया। जिससे लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। वहीं, आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है।

प्लांट के मालिक मुसलीन ने बताया कि गत 21 अप्रैल से उसका प्लांट बंद था। प्लांट में केवल लेबर ही मौजूद थी। बीती रात करीब तीन बजे मजदूरों ने टायरों के स्टॉक में आग लगी देखी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ऊंची-ऊंची लपटों के साथ काला धुआं आसमान में छा गया। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा। प्लांट में अफरा-तफरी का माहौल था। मजदूर अपनी जान बचाकर बाहर निकल चुके थे और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन आग की तीव्रता के सामने सभी प्रयास नाकाफी साबित हो रहे थे। उसने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग की गाड़ियों ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। मगर आग अधिक भभकी हुई थी। इस दौरान करीब 16 गाड़ियां मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।





यमुनानगर। गांव मुकारमपुर में टायरों के प्लांट में लगी हुई आग की उठती हुई लपटें व आसमान में छाया हुआ काला धुंआ। फोटो : हरिभूमि

### मशीनें सुरक्षित

मुसलीन ने बताया कि आग में करीब आठ हजार क्विंटल टायरों का स्टॉक पूरी तरह जल गया। इसके साथ ही एक ट्रैक्टर भी आग की चपेट में आ गया। इससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने आशंका जताई कि आग केवल स्टॉक वाले हिस्से में ही लगी, जबकि मशीनें सुरक्षित रहीं।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं पर गौर किया जा रहा है।

# यमुनानगर: विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

## पति पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



मृतका प्रीति

शादी के बाद से ही राहुल अक्सर प्रीति के साथ झगड़ा करता था और उसे परेशान करता था

यमुनानगर के रामपुरा कॉलोनी में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के मायके पक्ष ने पति पर मारपीट और मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यूपी के फिरोजाबाद जिले के जसराना निवासी मीना देवी ने बताया कि उनकी बेटी प्रीति की शादी वर्ष 2016 में रामपुरा कॉलोनी निवासी राहुल शर्मा से हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद रहता था और राहुल प्रीति को परेशान करता था। प्रीति कई बार अपनी मां को फोन कर अपनी परेशानी बताती थी। आरोप है कि पति की प्रताड़ना से तंग आकर 23 अप्रैल को प्रीति ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के भाई शिवम ने भी आरोप लगाया कि राहुल का किसी महिला मित्र से बातचीत को लेकर अक्सर विवाद होता था, जिसका विरोध करने पर वह प्रीति के साथ मारपीट करता था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका की मां की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ धारा 108 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अंबाला: प्लास्टिक दाना फैक्ट्री में आग

- धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर तक दिखा, तेज हवा से फैली आग
- सरकंडों में लगी आग से फैक्ट्री तक पहुंची लपटें

**अंबाला।** नारायणगढ़ के जडोत रोड स्थित एक प्लास्टिक दाना फैक्टरी में शाम को आग लग गई। आग की लपटों से फैक्टरी में रखा कच्चा व तैयार माल राख हो गया। धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर से देखा जा सकता था। फैक्टरी संचालक सरबजीत सैनी ने दमकल विभाग की गाड़ी समय पर न पहुंचने व लापरवाही का आरोप लगाया है। फायर अधिकारी ने बताया कि फैक्टरी के पास से गुजरने वाली नहर के किनारे खड़े सरकंडों में किसी ने आग लगा दी थी। तेज हवा के कारण यह आग तेजी से फैली और फैक्टरी परिसर तक पहुंच गई थी। संचालक सरबजीत का आरोप है कि आग लगने के बाद आधे घंटे तक वह फायर स्टेशन फोन करते रहे लेकिन उन्हें जवाब नहीं मिला। अंत में उन्हें अपने स्तर पर गाड़ी की व्यवस्था करनी पड़ी लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। आग से करीब 35 लाख रुपये का नुकसान हुआ।

## मित्तल मॉल में आगजनी की जांच शुरू

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर-25 स्थित मित्तल मेगा मॉल में शनिवार की रात को चार दुकानों में आग लगने के मामले की नगर निगम की दमकल विंग ने जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर, पानीपत शहरी कांग्रेस जिलाध्यक्ष स. बलजीत सिंह ने मित्तल मेगा मॉल प्रशासन हर दुकान से मेंटेनेंस के नाम पर 20 रुपए प्रति स्क्वेयर फुट के हिसाब से चार्ज किया जा रहा है। जबकि सुविधा बिल्कुल जीरो है। मॉल के फायर सिस्टम में पानी नहीं था। यही नहीं दुकानदारों से बिजली बिल के नाम पर भी खुली लूट हो रही है। कमर्शियल बिजली का रेट नॉर्मली 8 से 9 रुपये है वहीं माल प्रबंधन 17 रुपये चार्ज कर रहे हैं। स.बलजीत सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा इस आगजनी में जिन जिन व्यापारियों का नुकसान हुआ है उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए और माल प्रबंधक के नाम एफआईआर दर्ज की जाए। जब तक माल प्रबंधन सभी सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवा देता तब तक मॉल को बंद रखा जाए।



पानीपत। मित्तल मेगा मॉल में दहकती आग।

## तीन युवकों की सड़क हादसों में मौत

**इसराना (पानीपत)।** पानीपत के गांव बुआना लाखू निवासी नसीब पुत्र बलवान सिंह का अंतिम संस्कार करके ग्रामीण लौटे भी नहीं थे कि शनिवार की रात को गांव नौल्था के पास हाइवे पर बाइक और ट्रक की टक्कर से गांव के दो युवाओं राजीव पुत्र रणधीर व सुरेन्द्र पुत्र पृथ्वी सिंह की मौत की सूचना से बुआना लाखू के ग्रामीण दुख के सागर में डूब गए। दूसरी ओर, थाना इसराना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद राजीव व सुरेंद्र के शवों को उनके परिजनों का सौंप दिया। स्मरणीय है कि नसीब की मौत उत्तर प्रदेश में मथुरा के पास सडक हादसे में हुई थी। दूसरी ओर, दुखद माहौल में राजीव व सुरेंद्र की अंत्येष्टि गांव की शमशान भूमि में कर दी गई। जबकि परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। गांव में तीन युवाओं की मौत से शोक छाया हुआ है। दूसरी ओर, इसराना थाना पुलिस ट्रक के अज्ञात चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र स्थित पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अंबाला के पीकेआर जैन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विज्ञान को सरल, रोचक और व्यवहारिक तरीके से पढ़ाने की नई तकनीकों से अवगत कराया गया।शिक्षा अधिकारी सुजीत कुमार ने बताया कि हैंड्स-ऑन गतिविधियों और व्याख्यानों के माध्यम से शिक्षकों ने जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को दैनिक जीवन से जोड़कर समझाने के तरीके सीखे। फैंटास्टिक केमिस्ट्री सत्र में एक्सोथर्मिक और एंडोथर्मिक अभिक्रियाओं के प्रयोग कराए गए, वहीं मानव शरीर मॉडल से फेफड़े, हृदय और पाचन तंत्र की जानकारी दी गई।इसके अलावा कम लागत वाले शिक्षण उपकरण और वैज्ञानिक खिलौने बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। गैलरी भ्रमण, तारामंडल, 3-डी शो और 'नॉलेज ऑन स्फीयर' प्रणाली के जरिए शिक्षकों को तकनीक आधारित शिक्षण का अनुभव मिला। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



## दो बाइकों की टक्कर में व्यक्ति की मौत

- चंगनोली अड्डे के पास हादसा

**यमुनानगर।** गांव चंगनोली अड्डे के पास दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक चालक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। पंजाबी मोहल्ला व्यासपुर निवासी अशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी कॉलोनी का ही उसका परिचित 45 वर्षीय मोहनलाल 24 अप्रैल को अपनी बाइक पर किसी काम से गया था। घर लौट रहा था तो गांव चंगनोली अड्डे के पास तेज गति से आ रही बुलेट बाइक ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मोहनलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

## लू के थपेड़ों से लोग बेहाल, दिनभर पसीने से तर-बतर रहे लोग

### गर्मी से राहत के लिए नहरों और नदी में नहाने पहुंचे लोग

# यमुनानगर में आसमान से बरसी आग, तापमान पहुंचा 41° के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले कई दिन से मौसम में गर्मी की तपिश व उमस बढ़ने से लोग परेशान हैं। आए दिन तापमान बढ़ रहा है। रविवार को दिन भर तेज गर्मी पड़ने व लू (हीट वेव) चलने से जिले का तापमान बढ़कर 41 के पार पहुंच गया। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग दरबदर भटकते नजर आए। अधिकांश लोगों ने नहर व तालाबों में नहाकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया। जबकि कुछ लोग अपने घरों में पंखा झोलते हुए नजर आए। रविवार सुबह सूर्य देव के निकलते ही आसमान से आग टपकने लगी। जिससे लोग पसीने से तर बतर हो गए। आलम यह रहा कि जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया तापमान भी अपने यौवन पर पहुंच गया। दोपहर के समय अधिकांश लोग गर्मी से बचने के लिए नहरों की और दौड़ पड़े तो कुछ लोगों ने पेड़ों की छांव का सहारा लिया। रविवार को जिले का न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेलसियस व अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेलसियस तक पहुंच गया। खास बात यह रही कि लोगों ने यमुना नदी, यमुना नहर समेत विभिन्न स्थानों पर दोपहर के समय नहाकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है की अभी राहत नहीं मिलेगी।



### बच्चों को बाहर न निकलने दें

अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में बुजुर्ग, बच्चों व अस्थमा, सांस व दमा से पीड़ित लोगों को तेज गर्मी के मौसम में बाहर न निकलने दें। उन्होंने कहा कि विशेष परिस्थितियों में यदि कहीं बाहर जाना है तो कपड़ा ओढ़ा कर ही बुजुर्गों व बच्चों को बाहर निकलने दें। उन्होंने गर्मी के मौसम में सभी को खानपान का ख्याल रखने की सलाह दी।

### त्वचा पर पड़ता है गर्मी का असर

चमड़ी रोग विशेषज्ञ डॉ. रविकांत ने बताया कि तेज गर्मी में त्वचा झूलसने का खतरा बना रहता है। इसलिए तेज गर्मी में शरीर को ढककर ही बाहर निकलें।



### कुरुक्षेत्र में भीषण गर्मी से बाजारों में पसरा सन्नाटा

**कुरुक्षेत्र।** भीषण गर्मी में लोग बेहाल हैं। हर दस मिनट में हलक सूख रहे हैं। आसमान से मानो आग बरस रही है। सड़कें सूनी हो गई हैं। बाजारों की रौनक गायब है। रविवार की सुबह लोग नींद से जागे तो गर्मी से सामना हुआ। सुबह से ही गर्म हवाएं चलने लगी थी। जैसे-जैसे दिन चढ़ा सूरज ने आंखे तरेरनी शुरू कर दी। सुबह 11 बजे से ही शहर की मार्केट सूनी हो गई। सड़कों पर आवागमन थमने लगा। देखते ही देखते दोपहर 12 बजे तक गर्म हवा के झोंकों ने जिंदगी की रफ्तार रोक दी। शाम 4 बजे तक शहर ठप सा रहा। भीषण गर्मी में लोग घरों में दुबके रहे। रविवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## खबर संक्षेप

### एकता से आती है समाज में शांति और खुशहाली

**रादौर।** संत निरंकारी सत्संग भवन रादौर में निरंकारी मिशन द्वारा मानव एकता दिवस भव्य रुप से मनाया गया। कार्यक्रम में मिशन के महात्मा पवन ग्रोवर ने मानव एकता, प्रेम व आपसी सद्भाव का संदेश दिया। महात्मा पवन ग्रोवर ने फरमाया कि मानव एकता ही वह सच्चा मार्ग है। जो समाज को शांति, स्थिरता और खुशहाली की ओर ले जाता है। जब तक मनुष्य जाति, धर्म, भाषा व ऊंच नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर एक दूसरे को इंसान के रूप में नहीं देखेगा। तब तक सच्चे अर्थों में शांति स्थापित नहीं हो सकती।

### प्रशिक्षण वर्ग कोर कमेटी की जिलास्तरीय बैठक

**यमुनानगर।** भाजपा के जिला कार्यालय में प्रशिक्षण वर्ग कोर कमेटी की जिलास्तरीय बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की। बैठक में मई में होने वाले दो दिवसीय जिलास्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी पर विचार किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला पर्यवेक्षक प्रमोद कौशिक भी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने कोर कमेटी के सदस्यों को बताया कि जिला में 16 व 17 मई को दो दिवसीय जिलास्तरीय प्रशिक्षण वर्ग शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### पड़ोसी ने घर में घुसकर युवती से किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में युवक ने घर में घुसकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। 18 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 अप्रैल को परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर गए थे। इस दौरान पड़ोस का युवक घर में घुस गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। परिजनों के घर लौटने पर उसने घटना के बारे में बताया। परिजन उसे लेकर पुलिस थाने पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नगर निगम ने ट्विन सिटी को पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए चलाया विशेष अभियान

# शहर दिखेगा सुंदर और साफ, बीमारियां होंगी हाफ : आयुक्त

- सर्वाधिक पॉलीथिन एकत्रित करने वाले सफाई कर्मचारी को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे निगमायुक्त महाबीर प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी को स्वच्छ और पॉलिथीन मुक्त बनाने की दिशा में नगर निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया है। अभियान के तहत शहर में खुले स्थानों व मार्गों को पॉलीथिन मुक्त बनाया जा रहा है। माह भर में जो भी निगम का सफाई कर्मचारी सबसे अधिक पॉलीथिन एकत्रित करेगा उसे निगम द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी नगर निगम के आयुक्त महाबीर प्रसाद ने दी।



**यमुनानगर।** पॉलीथिन एकत्र करते नगर निगम के सफाई कर्मचारी।

#### लोगों को कर रहे हैं जागरुक

अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाकर पॉलीथिन हटाने और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इसका इस्तेमाल न करें। सभी की जनभागीदारी से ही शहर को पॉलिथीन मुक्त बनाया जा सकता है। बाजारों और घरों में सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन का प्रयोग बंद कर कपड़े या जूट के थैलों को अपनाएं। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएं और शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग दें।

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि पालीथिन के उपयोग पर रोक लगाने से शहर साफ और सुंदर बनेगा। साथ ही बीमारियां भी आधी हो जाएंगी। दरअसल, पॉलीथिन का उपयोग मनुष्य, पशु-पक्षी के साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति के लिए नुकसान ह है। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक पॉलीथिन एकत्रित करने वाले कर्मचारी को 2100 रुपये की नकद राशि और स्मृति चिन्ह पुरस्कार रूप में दी जाएगी। उससे कम पालीथित एकत्र करने वाले को 1100 रुपये और तीसरे स्थान पर रहने वाले कर्मचारी को 500 रुपये नकद इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निगम कर्मचारी रोजाना शहर की सड़कों, इनके डिवाइडर और किनारों से पॉलीथिन साफ कर नगर को सुंदर बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि रोजाना एकत्र की जा रही पॉलीथिन का पूरा रिकॉर्ड रखा जा रहा है। इस पॉलीथिन को बिजली बनाने के लिए सोनीपत के मुरथल स्थित ऊर्जा प्लांट में भेजा जाएगा।

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि हमारा उद्देश्य ट्विनसिटी को पॉलीथिन मुक्त बनाना हैं। इसके लिए निगम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत जोन एक में मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह तथा जोन दो में मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों की टीमों ने मुख्य मार्गों, चौक.चौराहों और डिवाइडरों के बीच जमा पॉलिथीन व प्लास्टिक अपशिष्ट को हटा रही हैं। रोजाना सैकड़ों किलोग्राम प्लास्टिक अपशिष्ट किया जा रहा है। जिसका वजन कर सुरक्षित रखा जा रहा है। बाद में इसे मुरथल के ऊर्जा प्लांट में भेजा जाएगा। ताकि वहां इससे बिजली का उत्पादन किया है।

### राजकीय प्राइमरी स्कूल का भवन खस्ताहाल, छत में आई दरार

# चिंताजनक : तस्वीर बता रही खतरे में हैं नौनिहाल, अब तो सुध ले लो सरकार

**प्रिंसिपल बोले - कृषि मंत्री को मांग पत्र देकर कर चुके हैं बिल्डिंग अपग्रेड करने की मांग अब तक नहीं ली सुध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर स्थित सरकारी स्कूल की छत में आई दरार। फोटो : हरिभूमि

- पीडब्ल्यूडी विभाग स्कूल की बिल्डिंग को घोषित कर चुका है असुरक्षित फिर भी बच्चों को वहीं बैठाकर करा रहे पढ़ाई

कस्बा के मेन बाजार में स्थित राजकीय प्राइमरी स्कूल की बिल्डिंग की हालत खस्ताहाल हो चुकी है। अब तो यहां पढ़ रहे बच्चे भी बच्चे डर के साये में है। वहीं पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से भी स्कूल की बिल्डिंग को असुरक्षित घोषित किया हुआ है।

सरकार व प्रशासन की अनदेखी कहीं छोटे छोटे बच्चों पर भारी न पड़ जाए। बच्चों को हर समय बिल्डिंग के गिरने का डर लगा रहता है। हालात ये है कि स्कूल की छत में दरारे साफ दिखाई देती है। बरसात के दिनो में स्कूल की छत टपकने लगती है। खस्ता हाल छत होने से बिजली के उपकरण भीगने के कारण करंट छोड़ने लगते है। जिससे कभी भी कोई बच्चा व टीचर करंट की चपेट में आ सकता है।

वहीं स्कूल के प्रिंसिपल रविंद्र कांबोज ने बताया कि 1924 में बनाया गया स्कूल पूरी तरह से खस्ता हो चुका है। जिसके बारे में सरकार व प्रशासन को अवगत करवाया गया है। एसएमसी सदस्यों ने स्कूल की मरम्मत के लिए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को मांगपत्र देकर स्कूल को अपग्रेड करने की मांग की थी। लेकिन सरकार व प्रशासन स्कूल की ईमारत बनवाने में कोई रूचि नहीं ले रहा है। जिसका खामियाजा कभी भी बच्चों को भुगतना पड़ सकता है। एसएमसी द्वारा मांगपत्र के माध्यम से स्कूल की नई बिल्डिंग सरकार व प्रशासन को सचेत किया जा चुका है।

जब तक बच्चों के पढनÞ की व्यवस्था नहीं होती और सरकार द्वारा ग्रांट राशि नहीं भेजी जाती, तब तक स्कूल के नए भवन का निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द स्कूल के नए भवन निर्माण हेतु ग्रांट राशि भेजे जाने की मांग की है।



**रादौर।** गांव अलाहर में सफाई न होने से गंदगी से अटी पड़ी नाली।

## ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में बढ़ा रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶|.रादौर

- ग्रामीण बोले गलियों, नालियों की साफ-सफाई न होने से घरों में पहुंच रहे कीड़े, मच्छरों का बढ़ रहा प्रकोप

कस्बा के गांव अलाहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमा गई है। गलियों व नालियों की साफ सफाई काफी दिनों से नहीं की गई। जिससे ग्रामीणों में पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। ग्रामीण सुरेश, दीपू, प्रवेश कांबोज, दिपांशु, महक, ऊषा, दिनेश, पवन, सुखबीर आदि ने बताया कि गांव की गलियों व नालियों की साफ सफाई न होने से सांप बिच्छु घरों में आने लगे हैं। जिससे हर समय उनको सांपों का डर लगा रहता है। नालियों में सफाई न होने से रूके हुए पानी में कीडे व मच्छर पैदा होने लगे है। उन्होंने कहा कि गंदगी की वजह से बीमारियों का भी डर बना रहता है। सरपंच से कई बार साफ सफाई करवाने की मांग की गई। लेकिन समस्या का आज तक समाधान नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि पंचायत की अनदेखी के कारण ही उनकी गली में सफाई व्यवस्था अच्छी नहीं है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पंचायत की ओर से उनकी गली व नाली की जल्द से जल्द सफाई करवाई जाये।



**यमुनानगर।** व्यासपुर में संत संकीर्तन में प्रवचन सुनते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## सेवा और समर्पण को आधार बनाकर ही सद्गुरु करते हैं अपने शिष्य पर दिव्य कृपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा व्यासपुर में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी अनुपमा भारती ने साध संगत को शिष्य के जीवन में सेवा और समर्पण का महत्व समझाया। मौके पर साध्वी बहनों ने अपने भजनों के माध्यम से गुरुवर और प्रभु का गुणगान कर सभी को भाव विभोर कर दिया।

साध्वी अनुपमा भारती ने फरमाया कि बिना सेवा और समर्पण के की गई भक्ति उस दिखावटी पुष्प की भांति है जो देखने में सुंदर हो सकता है। लेकिन वह अपने आस पास के वातावरण को सुवासित नहीं कर सकता। जब एक शिष्य गुरु आज्ञा में निरंतर चलते हुए भक्ति पथ पर आगे बढ़ता है तब गुरू उस शिष्य की सेवा और समर्पण को आधार बनाकर ही उस पर अपनी असीम दिव्य कृपा की वर्षा करते हैं। सेवा और समर्पण केवल बाहरी कार्य नहीं है। बल्कि आत्मा की शुद्धि और जीवन के उत्थान का एक सशक्त माध्यम है। जब साधक अपने गुरु के प्रति निःस्वार्थ भाव से सेवा करता है। तो उसके भीतर अहंकार का क्षय होता है और विनम्रता का उदय होता है। यही भाव उसे आध्यात्मिक ऊंचाइयों की ओर अग्रसर करता है। साध्वी अनुपमा भारती ने फरमाया कि गुरु केवल ज्ञान देने वाले मार्गदर्शक ही नहीं होता है। बल्कि वह शिष्य के पूर्व जन्मों के करम संस्कारों को काटकर उसे जन्म और मृत्यु के चक्रव्यूह से मुक्त करने वाले मुक्ति प्रदाता भी होते हैं। गुरू शिष्य का योग क्षेम वहन करते हैं। गुरु के प्रति समर्पण का अर्थ है मन, बुद्धि और अहंकार को उनके चरणों में अर्पित कर देना। जब साधक पूर्ण विश्वास और श्रद्धा के साथ गुरु की आज्ञा का पालन करता है। तब उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन स्वतः आने लगते हैं।

# मैं बाबा लाल का चेला हूं...भजन पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्रीलाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में रवीवार को दो दिवसीय नामदीक्षा समागम को शुभारंभ हो गया। समागम में पंजाब के श्री ध्यानपुर धाम से श्री श्री 1008 महंत श्री राम सुंदर दास महाराज ने श्रद्धालुओं को नामदीक्षा और आर्शीवाद दिया। खास बात यह रही कि उनके दर्शन करने को लेकर भीषण गर्मी के बवजूद हजारों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। रविवार को महाराज जी के दर्शन करने को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना आरंभ हो गया था। जिन श्रद्धालुओं ने नाम दीक्षा लेनी थी उन्हें पहले आचार्य गोपाल राज ने पूजा अर्चना करवाई। महाराज जी के आगमन को लेकर मंदिर को खूब सजाया संवारा गया था।

नाम दीक्षा लेने के लिए दूर दराज के इलाकों से भी श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे। महाराज जी ने सबसे पहले नाम दीक्षा दी और उसके बाद दर्शन व आशीर्वाद का सिलसिला आरंभ हुआ। श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर महाराज से आशीर्वाद ले रहे थे। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था।



**यमुनानगर।** श्री लालद्वारा मंदिर में नामदीक्षा समागम में लाइन में लगकर महंत श्रीराम सुंदर दास महाराज से आशीर्वाद लेते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

चिलचिलाती धूप के बावजूद श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर चल रहे थे। एक तरफ जहां श्रद्धालु महाराज जी से आशीर्वाद ले रहे थे। वहीं दूसरी तरफ दास बसंत एंड पार्टी के सदस्य अपने भजनों से बावा लाल जी का गुणगान कर रहे थे। मैं बाबा लाल का चेला हूं मैं अपने गुरु का चेला हूं जो हाथ पकड़ कर साथ चले मैं रहता नहीं अकेला हूं...भजन पर श्रद्धालु इतने मग्न हुए कि अपने आप को रोक नहीं पाए और झूमने पर मजबूर हो गए। वहीं, महिला संकीर्तन मंडली की सदस्यों ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया। श्रद्धालु जमकर झूमे ऐसा लग रहा था मानो श्री ध्यानपुर धाम यही हो। रादौर ब्लॉक के गांव घिलौर से आए कुलदीप दत्ता ने बताया कि वह लंबे समय से ध्यानपुर धाम के बारे में सुन रहे थे । इस अवसर पर राजीव अरोड़ा, केवल लूथरा, वासुदेव वर्मा, सोनू मेहता,गुलशन गुलाटी, दविन्दर मेहता, मोनू मेहता,राजीव गांधी, प्रदीप चड्ढा ,बॉबी वासन, नरेंद्र ओबरॉय, रजिंदर सोबती,सतपाल कश्यप व विनोद सोही आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** रादौर स्थित एसके रोड के पास बना अधूरा नाला। फोटो : हरिभूमि

## तीन साल से बना रहे नाला, आज भी पड़ा है अधूरा, मुसीबत झेल रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

बरसाती पानी की निकासी के लिए कस्बा रादौर स्थित एसके रोड के दोनों ओर लाखों रुपये खर्च कर नाले का निर्माण करवाया गया है। लेकिन प्रशासन की ओर से करवाए गए आधे अधूरे नाले के निर्माण का खामियाजा स्थानीय लोग भुगत रहे है। वहीं लोगों का कहना है कि बरसात का सीजन सिर पर है, परंतु नाला अभी भी अधूरा पड़ा है। वहीं प्रशासन ने बरसाती पानी की निकासी का दूसरा सिरा एक किसान के खेत में समाप्त हो रहा है। जिस कारण बरसाती पानी से किसान को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लगभग 3 वर्षो के बाद भी नाले का निर्माणकार्य पूरा नहीं करवाया गया। आधे अधूरे नाले से स्थानीय लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। नाला अधूरा होने से नाले का बरसाती पानी निर्माणाधीन स्टेडियम की दीवार के नजदीक इकठ्ठा हो रहा है। जिससे कभी भी स्टेडियम की दीवार ढह सकती है। स्थानीय निवासी प्रीतम, सुखदेव सिंह, गौरव, जयसिंह, राजकुमार, तरसेम, कुलवंत सिंह आदि ने बताया कि एसके रोड के निर्माण के समय बरसाती पानी की निकासी के लिए सड़क के दोनों ओर नाले का निर्माण करवाया गया था। 3 वर्ष बाद भी एसके रोड के दोनों ओर का नाला पूरा नहीं करवाया गया। नाला निर्माण के समय भी स्थानीय लोगों ने निर्माण सामग्री को लेकर काफी बार अधिकारियों से शिकायत भी की थी। लेकिन अधिकारियों ने न सुनी। जिसका खामियाजा आज लोगों को भुगतना पड़ रहा है। यदि स्टेडियम की दीवार गंदे पानी के कारण टूट गई तो प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों की जान पर भी बन सकती है। उन्होंने सरकार से मांग की कि नाला निर्माण करने वाले व नाले को पास करने वाले अधिकारियों की विजिलेंस जांच करवाई जाये।

## राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास और विकास को तोड़-मरोड़ कर न करें पेश

- एडवोकेट सुमित मणि ने की राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा द्वारा पूर्व सीएम चौधरी भजन लाल के खिलाफ दिए बयान की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पंचकूला के विकास की गाथा में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजन लाल का योगदान अमिट है। उसे किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उक्त शब्द चौधरी भजनलाल परिवार से जुड़े वरिष्ठ समाजसेवी एवं एडवोकेट सुमित मणि ने कहे।

वरिष्ठ समाजसेवी एवं एडवोकेट सुमित मणि ने कहा कि राज्यसभा



एडवोकेट सुमित मणि।

सांसद रेखा शर्मा ने चौधरी भजनलाल के खिलाफ कथित ब्यान देकर राजनैतिक लाभ लेने का कार्य किया है। जो काफी निंदनीय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंचकूला के आधुनिक स्वरूप और इसकी पहचान के पीछे असल दूरदर्शिता स्वर्गीय चौधरी भजन लाल जी की थी। जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। एडवोकेट सुमित मणि ने कहा कि मैं रेखा शर्मा को पूरी स्पष्टता और दृढ़ता के साथ यह याद दिलाना चाहता हूं कि पंचकूला की नींव और इसके विकास का ब्लूप्रिंट स्वर्गीय चौधरी भजन लाल के दूरदर्शी नेतृत्व में तैयार किया गया था। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास और विकास के तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर पेश नहीं किया जाना चाहिए। पंचकूला के लोग भलीभांति जानते हैं कि इस शहर के विकास की मशाल किसने जलाई थी। एडवोकेट सुमित मणि ने राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा को सलाह दी है कि वह विकास के दावों से पहले क्षेत्र के गौरवमयी राजनीतिक और विकासात्मक इतिहास का अध्ययन करें।

### वाल पेंटिंग से नगर निगम दे रहा स्वच्छता का संदेश

# दीवारें बोल रहीं, शहर आपका है, आप सुंदर बनाएं

**स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर साफ और सुंदर बनाने की कवायद में जुटा नगर निगम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर को स्वच्छ, सुंदर और जागरूक बनाने की दिशा में नगर निगम द्वारा प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और दीवारों पर आकर्षक वॉल पेंटिंग कराई जा रही हैं। इन पेंटिंग्स के माध्यम से लोगों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी का संदेश दिया जा



**यमुनानगर।** वॉल पेंटिंग का निरीक्षण करतीं मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

रहा है। इसी को लेकर मेयर सुमन बहमनी ने मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अभिश्रुति और सहायक अभियंता सुरेंद्र दहिया के साथ शहर में चल रहे वॉल पेंटिंग कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को इस कार्य को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मेयर ने निगम अधिकारियों और स्वच्छ भारत मिशन की टीम के साथ विभिन्न स्थलों का दौरा किया तथा तैयार की जा रही पेंटिंग्स की गुणवत्ता और संदेशों की उपयोगिता को परखा। उन्होंने कहा कि वॉल पेंटिंग केवल सौंदर्यीकरण का माध्यम नहीं, बल्कि जन जागरूकता का सशक्त अभियान है।

रंगों और संदेशों के जरिए लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करना स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के मुख्य मार्गों, सड़क किनारे स्थित बदहाल और जर्जर दीवारों को चिन्हित कर उन पर आकर्षक व संदेशपरक पेंटिंग कराई जाएं, ताकि शहर की सुंदरता भी बढ़े और नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित हो। उन्होंने कहा कि वॉल पेंटिंग के जरिए शहर के हर कोने तक स्वच्छता अभियान का संदेश पहुंचाया जा सकता है। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम स्वच्छ सर्वेक्षण.2025 में बेहतर रैंकिंग के लिए लगातार प्रयासरत है और इसमें नागरिकों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि जन आंदोलन हैए जिसमें प्रत्येक नागरिक की भूमिका जरूरी है। शहर को साफ.सुथरा और सुंदर बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे।

खबर संक्षेप

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आज

**कुरुक्षेत्र।** जिला परिषद की अध्यक्षा कंवलजीत कौर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन 27 अप्रैल को सुबह 9 बजे पंचायत भवन के सभागार में होगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी मुख्य अतिथि होंगी। इतना ही नहीं जिप चेयरपर्सन ने कहा कि नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को सभी के साझे प्रयासों से ऐतिहासिक और सफल बनाया जाएगा। जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी मुख्य अतिथि के रूप में 27 अप्रैल को पंचायत भवन के सभागार में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में शिरकत करेंगी और सैंकडों महिलाओं को सम्बोधित करेंगी।



## श्रीमद्भागवत की ध्वनि से कलियुग के दोष होते नष्ट

**थानेसर।** श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा के तत्वावधान में आयोजित दयानन्द कॉलोनी में चल रही श्री मद भागवत कथा में भागवत प्रवक्ता अनिल शास्त्री ने बताया कि श्रीमद्भागवत का पारायण है, जिसका गान शुकादि महानुभावों ने किया है। उसके शब्द सुनने से ही भक्ति, ज्ञान और वैराग्य को बड़ा बल मिलेगा। इससे ज्ञान-वैराग्य का कष्ट मिट जाएगा और भक्ति को आनंद मिलेगा। जैसे सिंह की गर्जना सुनकर भेड़िये भाग जाते हैं, उसी प्रकार श्रीमद्भागवत की ध्वनि से कलियुग के सारे दोष नष्ट हो जाएंगे। भागवत कथा के मुख्य आयोजक सुरेश मित्तल, सीमा मित्तल, अभिषेक मित्तल, शैली मित्तल, आशीष मित्तल, सोनाक्षी मित्तल, कनव मित्तल, तृषिका, काव्या मित्तल ने व्यासपीठ एवं अपने पितरों का पूजन किया।

## निःशुल्क कैंप में मरीजों को जांचा

**करनाल।** अग्रकुल सेवा संस्था की ओर से सेक्टर-8 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों को उपचार के साथ-साथ बीमारियों से बचाव के बारे में भी जानकारी दी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जगमोहन आनंद तथा मेयर रेणु बाला गुप्ता उपस्थित रहीं, जबकि अरोमा एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन अनिल गर्ग अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## सेवा दल ने शहीद उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि

**करनाल।** कांग्रेस सेवा दल द्वारा महीने के अंतिम रविवार को शहीद उधम सिंह की प्रतिमा के समीप ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा की सफाई कर पुष्प अर्पित किए और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। जिला प्रधान अनिल शर्मा, ग्रामीण प्रधान मदन राणा और महिला प्रधान हरदीप कौर ने कार्यकर्ताओं को सेवा दल के कर्तव्यों की जानकारी दी।

## कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई एचसीएस की परीक्षा

# 20,448 अभ्यर्थियों में से 11,878 ने दी परीक्षा, 8,570 रहे गैरहाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले में बनाए गए 37 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से एचसीएस की परीक्षा संपन्न हुई। इस परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर वीडियोग्राफी कराई गई थी। इस परीक्षा में सुबह 10224 अभ्यर्थियों में से 5977 ने परीक्षा दी, जबकि 4247 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। शाम के सत्र में 10224 अभ्यर्थियों में से 5901 ने परीक्षा दी, जबकि 4323 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शिता से आयोजित करवाने के लिए डयूटी मजिस्ट्रेटों की निगरानी रही। यह परीक्षा दो चरणों में आयोजित की गई, सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और सायं के सत्र में तीन से पांच बजे तक हुई। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से कड़े बंदोबस्त किए गए थे। जहां परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की तीन लेयर चेकिंग की जा रही थी तो वहीं परीक्षा को नकल रहित कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर कैमरे लगाए गए थे। परीक्षा के चलते परीक्षा केंद्रों के बाहर मेले जैसा माहौल देखने को मिला। साथ ही परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से धारा 144 भी लागू की गई थी। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, घड़ी, बेल्ट और किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक वस्तु को लेने जाने पर भी पूरी तरह से पाबंदी रही।



कुरुक्षेत्र। सेंटर के बाहर खड़े अभ्यार्थी।

### शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई परीक्षा

नोडल अधिकारी अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य का कहना है कि एचसीएस परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर कड़े बंदोबस्त किए गए थे, परीक्षा को डयूटी मजिस्ट्रेटों की निगरानी में संपन्न कराया गया।

### पुलिस ने संभाली सुरक्षा

रविवार को जिला में एचसीएस परीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन की देखरेख में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को संभाला। पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को सुरक्षा और ड्यूटी से सम्बंधित दिशा-निर्देश दिए गए थे। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने लगन और मेहनत से दोनों शिफ्ट की परीक्षा को सुरक्षित तरीके से संपन्न करवाया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा की गई ड्यूटी की सराहना करते हुए कहा कि जिला पुलिस के हर जवान से बेहतर सेवा दी है जिसके चलते एचसीएस परीक्षा शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई।

### परीक्षा के दौरान लेट हो रहे अभ्यर्थियों को पुलिस ने सेंटर पर पहुंचाया

हरियाणा पुलिस का सेवा सुरक्षा व सहयोग का स्लोगन आज उस समय सही चरितार्थ हुआ जब दूसरे जिलों और शहरों से परीक्षा देने आए किसी कारण से लेट हुए अभ्यार्थियों को कुरुक्षेत्र पुलिस की डायल-112 और अन्य टीमों ने समय पर पहुंचाया। सुबह के सैशन में अम्बाला से सैनी पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में एग्जाम देने आ रही अभ्यार्थी निशा को आटो चालक ने गलती से रेलवे रोड पर गीता स्कूल के पास उतार दिया। अभ्यार्थी निशा को जब गलत सैंटर का पता और समय भी कम था तो वो घबरा गई। उसने मौका पर खड़े कृष्णा गेट थाना प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह से बात की तथा अपनी समस्या बताई। थाना प्रभारी ने बिना समय गंवाए अभ्यार्थी को अपनी गाड़ी में बैठाया और समय पर उसके सैंटर सैनी पब्लिक स्कूल में पहुंचाया। वहीं सुबह के सैशन में गोहाना से कुरुक्षेत्र एग्जाम देने आए रेनू व मुकेश जब कुरुक्षेत्र पहुंचे तो काफी लेट हो चुके थे। उनको स्काईट कालेज जाना था और उनको रास्ता भी नहीं पता था तथा समय भी कम था। ऐसे में यातायात पुलिस की राइडर 3 ने दोनों अभ्यार्थियों को समय रहते स्काइट कालेज पहुंचाया। सुबह के ही सैशन में विज्डम स्कूल सैक्टर-4 के सैंटर में जाने लिए कुछ अभ्यार्थी एक आटो में बैठे थे। आटो चालक खुद रास्ता भटककर सैक्टर-8 में पहुंच गया जहां पर कोई सैंटर नहीं था। ऐसे में अभ्यार्थियों को चिंता होने लगी तो उन्होंने डायल-112 पर काल करके पूछा। सूचना पर ईआरवी-442 पर मौका पर पहुंची और अभ्यार्थियों को उनके सैंटर तक पहुंचाया। अभ्यार्थियों ने हरियाणा सरकार व हरियाणा पुलिस की बेहतर सेवा देने के लिए तारीफ की और धन्यवाद किया।



कुरुक्षेत्र। अभ्यर्थी को सेंटर तक लेकर जाते थाना प्रभारी।



## शिव महापुराण कथा में सुनाया नारद मोह प्रसंग

**थानेसर।** अमीन रोड स्थित पटियाला बैंक कॉलोनी के मनोकामना सिद्ध श्री शिव मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में करवाई जा रही श्री शिव महापुराण कथा में कथाव्यास आचार्य रमेश उनियाल हरिद्वार ने नारद मोह प्रसंग और दान की महिमा भजनों सहित विस्तार से सुनाया। कथा में पुजारी पंडित उमेश पाठक ने सुबह यजमानों से शिव पूजन कराया। व्यासपीठ से आचार्य रमेश उनियाल ने कहा कि यह एक शिक्षाप्रद कथा है, जिसमें कामदेव पर विजय पाने के बाद नारद मुनि को अहंकार हो गया था। अहंकार तोड़ने के लिए भगवान विष्णु ने अपनी माया से नारद को एक सुंदरी के मोह में डाला, जिससे वे बंदर का मुख पाकर बंदर बन गए और विवाह में असफल रहे। यह कथा अहंकार के पतन और ईश्वर की माया का वर्णन करती है। इस प्रसंग से यह शिक्षा मिलती है कि ज्ञान और तपस्या के बाद भी अहंकार पतन का कारण बनता है। भगवान की माया से कोई नहीं बच सकता। इस अवसर पर आचार्य द्वारिका प्रसाद मिश्र, सौरभ शास्त्री, उज्जवल शर्मा और सौयांश तिवारी,सीताराम कश्यप,मुख्य यजमान विनोद सिंगला, बी.एन.शर्मा, सुनील सिंगला,अश्वनी मित्तल,जसविंदर मान्द्रा, विशेष गर्ग, राहुल सिंगला, अनुज सिंगला,अशोक सिंगला, दर्शन पुरी और महिंदर खन्ना सहित पटियाला बैंक कॉलोनीवासी शामिल रहे।

## साक्ष्य सुरक्षित रखना ही केस की ताकत : गुप्ता

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने अपने कार्यालय में आए आम नागरिकों को संबोधित करते हुए यह महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कानून जानिए सीरीज के अंतर्गत उन्होंने कहा कि किसी भी कानूनी विवाद में सबसे महत्वपूर्ण तत्व साक्ष्य होता है, और साक्ष्य का समय पर सुरक्षित किया जाना ही केस की दिशा और परिणाम तय करता है। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने बताया कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के अनुसार किसी भी तथ्य को सिद्ध करने के लिए विश्वसनीय और वैध साक्ष्य आवश्यक होता है। बिना ठोस साक्ष्य के मजबूत से मजबूत दावा भी न्यायालय में कमजोर पड़ सकता है।



# संगठन मजबूती और चुनावी तैयारियों पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

पिहोवा मण्डल अध्यक्ष प्रिंस मंगला के कार्यालय पर शक्ति केंद्र प्रमुखों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने विशेष रूप से शिरकत की। बैठक स्थल पर पहुंचने पर जय भगवान शर्मा डीडी का शक्ति केंद्र प्रमुखों व भाजपा कार्यकतार्ओं द्वारा फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा केंद्र व हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही आगामी समय में अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों को लेकर भी रणनीतिक विचार-विमर्श किया गया और कार्यकर्ताओं को पूरी सक्रियता के साथ पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार द्वारा देश और प्रदेश के विकास के लिए अनेक ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गरीब, किसान, मजदूर, युवा व महिलाओं के कल्याण के लिए योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही हैं, जिनका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है।



पिहोवा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी।

### पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं

उन्होंने कार्यकतार्ओं से आह्वान किया कि वे सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं और संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाएं। वहीं पिहोवा मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा एक मजबूत संगठनात्मक ढांचे के कारण ही देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बनी है। शक्ति केंद्र प्रमुख पार्टी की रीढ़ हैं और उनकी सक्रियता से ही संगठन को नई मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें।

# 30 मेधावी छात्रों को बांटी प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र द्वारा मंडल के संस्थापक ब्रह्मलीन प्रोफेसर रामरतन शर्मा के आशीर्वाद से 30 मेधावी छात्रों को जयराम विद्यापीठ कुरुक्षेत्र के पावन प्रांगण में प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस पुनीत अवसर पर शशिकांत शर्मा चीफ विजिलेंस ऑफिसर हरियाणा मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जबकि डॉ अंशुल मंगला मंगला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरूक्षेत्र ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सुजीत कुमार सीनियर एजुकेशन ऑफिसर पैनोरमा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर के समाजसेवी व्यक्तियों को भी जनसेवा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि शशिकांत शर्मा चीफ विजिलेंस ऑफिसर ने कहा कि मंडल का यह कार्य मेधावी छात्रों को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी बनाने का सराहनीय प्रयास है। उन्होंने गीता के श्लोक के माध्यम से और डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन के अनेक प्रेरणादायक किस्से भी बच्चों को सुनाए। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ अंशुल मंगला, मंगला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र ने कहा कि मेधावी छात्र धन के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहें, मंडल का यह सेवा कार्य वास्तव में ही आत्म संतोष प्रदान करता है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य पर ध्यान रखें और सोशल मीडिया का सदुपयोग करें। विशिष्ट अतिथि सुजीत कुमार सीनियर एजुकेशन ऑफिसर पैनोरमा ने कहा शिक्षित व्यक्ति ही सुंदर समाज का निर्माण कर सकते हैं।





## जयराम महिला बीएड कालेज में एमएड के विद्यार्थियों की इंटर्नशिप का समापन

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान श्रीजयराम महिला बीएड कालेज में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के एमएड के विद्यार्थियों की इंटर्नशिप के अंतिम दिवस पर भव्य विदाई उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने इंटर्नशिप के अनुभवों को सांझा करते हुए विद्यालय जीवन में शिक्षण कौशल एवं अनुभवों पर प्रकाश डाला। श्री जयराम महिला बीएड कालेज की प्राचार्या डा. प्रतिभा श्योकंद ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य में निष्ठा एवं समर्पण भाव बनाए रखने का संदेश दिया। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में इंटर्नशिप के विद्यार्थियों ने प्राचार्या को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# मन की बात के माध्यम से देशवासियों को मिलती है सेवा-नवाचार की प्रेरणा : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के माध्यम से देशवासियों को जनभागीदारी, सेवा, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक विचार, देशहित के प्रति उनका दृष्टिकोण और समाज को सकारात्मक दिशा देने वाले संदेश हम सभी को निरंतर प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को आगे बढ़ा रहे हैं। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी रविवार को लाडवा विधानसभा के गांव बदरपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 133 वां संस्करण सुन रही थी। कार्यक्रम में पहुंचने पर उपाध्यक्षा सुमन सैनी का मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कार्यक्रम के उपरांत ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही अधिकारियों को उन समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, नरेंद्र दबखेड़ा, महामंत्री कर्मबीर सिंह, शक्ति केंद्र प्रमुख रणबीर पाल, सतीश कटारिया, अमन सिंगला, बूथ अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, बीएलए-2 सुरज चौहान, पार्थ शर्मा, संजीव बडाचपुर, गुरदीप सिंह, त्रिलोक चंद, सतप्रकाश शर्मा, अनिल माटा, सन्नी कालड़ा, प्रदीप सहगल सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

**शाहबाद।** भाजपा नेता सुभाष कलसाना की अगुवाई में भाजपा कार्यकतार्ओं ने बूथ नंबर 84 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। बातचीत के दौरान सुभाष कलसाना ने कहा कि 2014 से केंद्र में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, प्रधानमंत्री जनता से सीधे संवाद कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जनता से सीधा संवाद केवल संवाद नहीं बल्कि जनता से सीधा जुड़ाव है। प्रधानमंत्री और जनता के बीच किसी माध्यम का ना होना और प्रधानमंत्री का जन-जन के दिलों पर सीधे दस्तक देना प्रधानमंत्री को भारत ही नहीं अपितु विश्व के तमाम नेताओं से भिन्न दर्शाता है। सुभाष ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री जब धरातल से जुड़े आमजन के मुद्दों को जनता के बीच रखते हैं तो बच्चे, युवा, बुजुर्गों सहित देश के जन-जन के मन में प्रधानमंत्री के प्रति एक विश्वास का भाव जागृत होता है। बूथ नंबर 84 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के सुनने वालों में भाजपा नेता सुभाष कलसाना के साथ पार्षद दीपक आनंद, श्रीमद् देवी भगवती बाला सुंदरी मंदिर सभा के प्रधान पवन गर्ग, जीओ गीता के संरक्षक मलिक विजय आनंद, एम.एम. बजाज, रविकांत गोयल, अमित सिंगला यारा, आकाश अरूप नगर, बलकार सिंह, पंडित रामलाल, केसर ढोला माजरा, पंडित रमेश रावा, भीम मदान शामिल रहे।





## वैश्य अग्रवाल पंचायत एवं साया के पदाधिकारियों ने भीषण गर्मी में की सेवा

**कुरुक्षेत्र।** भीषण गर्मी के बावजूद अग्रवाल धर्मशाला के साथ श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत एवं साया के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सेवा कार्यों को जारी रखा गया। रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत एवं साया के लिए समाजसेवी डा. दीपक अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में यात्रियों, जरूरतमंद लोगों व समाज के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया तथा आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डा. अनीश सिंगला, हिमांशु कौशिक, हिमांशु बंसल, सुरेश गोयल, कपिल मित्तल, गौरव मित्तल, सुमित मित्तल, बृजमोहन एवं नरेश मित्तल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशाल सिंगला प्रधान श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे एवं एकता को बढ़ावा देते हैं। सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों ने आयोजन की सफलता के लिए डा. दीपक अग्रवाल एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। अंत में सभी ने मिलकर समाज की उन्नति एवं खुशहाली की कामना की।

चर्चा | राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी की बैठक

# 8 और 9 मई के राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर जिम्मेदारियां तय, देशभर से आएंगे डेलीगेट

*संगठनात्मक एकजुटता को और मजबूत करने पर भी दिया बल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी की बैठक चैयरमेन देवेंद्र दहिया की अध्यक्षता में जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र में संपन्न हुई। बैठक में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी महासचिव विनोद ठाकरान की गरिमामयी उपस्थिति, राज्य प्रधान तरुण सुहाग की सहभागिता रही। राज्य महासचिव राजेश शर्मा ने मंच संचालन किया। बैठक का प्रमुख उद्देश्य 8 व 9 मई को कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय राष्ट्रीय प्राथमिक शिक्षक संघ की डेलीगेट बैठक की तैयारियों को अंतिम रूप देना रहा।



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

### प्राथमिक शिक्षकों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा

इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर के विभिन्न राज्यों से प्राथमिक शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि एवं डेलीगेट भाग लेंगे। आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न जिम्मेदारियों का स्पष्ट निर्धारण करते हुए ड्यूटियों का वितरण किया गया। बैठक में हरियाणा के प्राथमिक शिक्षकों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। मिड डे मील योजना में अपर्याप्त बजट और शिक्षकों पर बढ़ते अनावश्यक प्रशासनिक दबाव को लेकर संगठन ने विरोध दर्ज किया। स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को दोहराया गया। साथ ही अंबाला एवं यमुनानगर जिलों में शिक्षकों की कमी को गंभीर समस्या बताते हुए इसके शीघ्र समाधान की मांग की गई। संगठन ने स्पष्ट रूप से कहा कि चुनावों एवं जनगणना जैसे कार्यों में प्राथमिक शिक्षकों पर असंतुलित रूप से अधिक ड्यूटी डाली जाती है, जो न्यायसंगत नहीं है। अन्य विभागों के कर्मचारियों के साथ संतुलन बनाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैठक में इन सभी मुद्दों पर ठोस रणनीति बनाने के साथ-साथ संगठनात्मक एकजुटता को और मजबूत करने पर भी बल दिया गया। जिला प्रधान, महासचिव में ललित कुमार रोहतक, सोमदत्त बेदी जींद सुरेन्द्र कुमार यमुनानगर, राजेंद्र टंडन कुरुक्षेत्र, बलवान छौत कैथल, भूपेंद्र चाहर भिवानी, जगदीश कुमार करनाल,मदन लाल अंबाला, अशोक कुमार गुड़गांव, भजन लाल फतेहबाद, विवेक कुमार हिसार, सुनील यादव रेवाड़ी शामिल रहे।

## नगर निगम चुनाव : दो पूर्व सदस्यों ने आजाद उम्मीदवार के तौर पर किया नामांकन

# टिकट कटने से नाराज नेता हुए आजाद, 8 वार्डों में भाजपा और कांग्रेस की टेंशन बढ़ी

- नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी होते ही अब होगी जांच, जांच के बाद नाम वापस लेने का मिलेगा मौका, तुरंत बाद सभी को अलॉट किए जाएंगे चुनाव चिह्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




नगर निगम चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी होते ही अब सभी उम्मीदवारों के नए सिरे से दस्तावेजों की जांच होगी। जांच के बाद उम्मीदवारों को अपने नामांकन वापस लेने का भी मौका होगा। इसके बाद चुनाव चिह्न अलॉट कर दिए जाएंगे। तभी सभी वार्डों में प्रचार अपने उफान पर नजर आएगा। इस बार निगम चुनाव में भाजपा-कांग्रेस में सीधी टक्कर तय मानी जा रही है। चुनाव मैदान में अन्य कोई दल इतना असरदार दिखाई नहीं दे रहा है। उधर बगावती उम्मीदवारों ने कई वार्डों में भाजपा-कांग्रेस उम्मीदवारों के सिर में दर्द कर दिया है। कई वार्डों में तो पार्टियों की बजाय आजाद उम्मीदवार ज्यादा मजबूत नजर आ रहे हैं।

**इन वार्डों में आजाद ने बढ़ाई टेंशन :** नगर निगम के वार्ड नंबर 2, 15, 16, 18 व 19 में दोनों दलों के उम्मीदवारों में भारी टेंशन है। वार्ड नंबर 2 से भाजपा नेता हितेंद्र चौधरी ने टिकट न मिलने से परेशान होकर अपनी बेटी एडवोकेट अमन चौधरी को आजाद उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतार दिया है। हितेंद्र चौधरी लंबे समय से भाजपा में कई अहम पदों पर काम कर रहे हैं। हितेंद्र की गिनती पूर्व मेयर शैलजा संदीप सचदेवा के खास लोगों में होती है। भाजपा ने यहां से वर्षा सोहता को उम्मीदवार बनाया हुआ है। वार्ड नंबर 15 में आजाद उम्मीदवार मनोज शर्मा कांग्रेसी प्रत्याशी के लिए भारी मुसीबत बनते दिख रहे हैं। इस वार्ड से मनोज शर्मा ने कांग्रेस की टिकट के लिए आवेदन किया था। पर ऐन मौके पर मनोज शर्मा की जगह विक्की राणा को टिकट दी गई। मनोज के आजाद उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल करने से अब यहां मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है।

वार्ड नंबर 16 में भी भाजपा के पूर्व निगम सदस्य पुष्पिंद्र उर्फ हरीश शर्मा ने बगावत कर दी है। इस बार उन्होंने खुद पार्टी की टिकट के लिए आवेदन किया था। मगर पार्टी की ओर से प्रॉपर्टी कारोबारी अजय चावला की पत्नी निंकुज चावला को टिकट दे दी। इसी वजह से पार्टी में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम करने वाले हरीश शर्मा नाराज हो गए। उन्होंने अपने सहयोगियों से बातचीत करने के बाद आजाद प्रत्याशी के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। पार्टी नेताओं की बगावत के कारण वार्ड नंबर 18 में तो भाजपा प्रत्याशी जीत से दूर होते दिख रहे हैं। इस वार्ड से भाजपा के तीन बड़े नेताओं ने बगावत कर दी। पूर्व निगम सदस्य दलजीत सिंह भाटिया, भाजपा नेता असीम अग्रवाल व प्रेम भाटिया टिकट न मिलने से नाराज होकर मैदान में कूद गए हैं। ऐसे में इस वार्ड में अब घमासान हो गया है। इसी वजह से वार्ड में मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है। वार्ड नंबर 19 में भी स्थिति बेहद पेचीदा हो गई है। इस वार्ड से कांग्रेस-भाजपा के दो नेताओं ने अपनी पार्टियों से बगावत कर दी है।

कांग्रेस ने पहले इस वार्ड से युवा नेता सचिन पुनिया को टिकट दिया था। पर नामांकन पत्र दाखिल करने से तीन घंटे पहले उनका टिकट काटकर एडवोकेट पुनीत कवि को दे दिया गया। टिकट कटने से पहले पुनीत कवि नाराज चल रहे थे। उन्होंने आजाद प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। हालांकि नामांकन से पहले कांग्रेस ने उन्हें अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। अब टिकट कटने से नाराज युवा नेता सचिन पुनिया ने आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने के लिए नामांकन कर दिया है। इसी वार्ड से भाजपा के युवा नेता व कई अहम पदों पर पार्टी के लिए काम करने वाले संजय लाकड़ा ने भी टिकट न मिलने से अपनी पत्नी को आजाद उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतार दिया है।

लाकड़ा की गिनती पूर्व मंत्री असीम गोयल के विरोधियों में होती है। उनका मानना है कि विरोधी पार्टियों से आए उम्मीदवारों को धड़ल्ले से टिकट दिए जा रहे हैं जबकि उन जैसे निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी हो रही है।

### इन वार्डों में दिक्कत

वार्ड नंबर 10 में टिकट कटने से नाराज कांग्रेस के कमलदीप लाडी ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। अब वे आप के निशान पर इसी वार्ड से चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। वार्ड नंबर 17 से भाजपा के कार्यकर्ता रहे जतिन कुमार भी आप के निशान पर मैदान में आ गए हैं। जीत के लिए वे लगातार पसीना बहा रहे हैं।

### भीषण गर्मी निकाल रही तेल

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद ज्यादातर उम्मीदवार मैदान में कूद चुके हैं। कई उम्मीदवार अपने ऑफिस खोलकर घर घर जाकर प्रचार कर रहे हैं। ऐसे में भीषण गर्मी इन उम्मीदवारों के लिए मुसीबत बन रही है। गर्मी की वजह से हर उम्मीदवार का तेल निकल रहा है। ऐसे में उनका प्रचार के दौरान पानी का खर्च भी बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में यह गर्मी उम्मीदवारों को और सताएगी।

## प्रधान रजत मलिक ने गली के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ


अंबाला। गली के उद्घाटन पर पहुंचे नपा प्रधान।

- प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए वार्ड नंबर 6 में नई गली के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। नगर पालिका प्रधान रजत मलिक ने राजपाल के घर से लेकर सुरेश फौजी के घर तक बनने वाली गली का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधान रजत मलिक ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं और किसी भी क्षेत्र को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गली निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा और निर्धारित समय सीमा के भीतर इसे पूरा किया जाएगा, ताकि स्थानीय लोगों को आवागमन में हो रही समस्याओं से राहत मिल सके। इस मौके पर वार्ड नंबर 6 के पार्षद शमशेर सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने गली निर्माण कार्य शुरू होने पर प्रधान का आभार जताते हुए कहा कि यह गली लंबे समय से लंबित थी और इसके बनने से क्षेत्रवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मोहल्ले के गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय निवासी भी उपस्थित रहे। सभी ने विकास कार्य शुरू होने पर प्रधान रजत मलिक का धन्यवाद किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह क्षेत्र में विकास कार्य जारी रहेंगे।

## लोगों से कूड़ा डस्टबिन में डालने का आह्वान किया

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने देवीलाल चौक से भिवानी रोड, भगतसिंह मार्केट व रेलवे फाटक एरिया में स्वच्छता अभियान और जागरूकता अभियान चलाया। सेव संस्था द्वारा चलाए गए 463वां अभियान सेव संस्था प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया। संस्था सदस्यों ने स्वच्छता का महत्व समझाते लोगों को कूड़ा डस्टबिन में डालने का आह्वान किया। संस्था के सदस्यों ने लोगों को आह्वान किया कि स्वच्छता रखना एक भक्ति है जो लोग स्वच्छता में अपना सहयोग नहीं करते या स्वच्छता नहीं रखते है।

*विधायक को ज्ञापन सौंपकर जताया कड़ा ऐतराज*

## अध्यापक संघ को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को आगामी विधानसभा सत्र में मजबूती से उठाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ एवं स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले जिला के अध्यापकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हल्का मुलाना की विधायक पूजा चौधरी को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान सरदार सतनाम सिंह ने की।

इस अवसर पर कांग्रेस जिला प्रधान दुष्यंत चौहान, राज्य कमेटी सदस्य बृजमोहन, जिला सचिव मुकेश घारू, प्रवक्ता अशोक नोहनी नारायणगढ़ प्रधान जसमत नन्हेड़ा, साहा सचिव सज्जन कुमार, बराड़ा प्रधान अरुण कुमार, देवानंद व प्रदीप कुमार सहित अनेक अध्यापक उपस्थित रहे। विधायक पूजा चौधरी ने अध्यापक संघ को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को आगामी विधानसभा सत्र में मजबूती से उठाया जाएगा। हरियाणा अतिथि अध्यापक संघर्ष समिति के जिला सचिव गोपाल शास्त्री ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के हालिया फैसले में वर्ष 2014 की हरियाणा सरकार की नियमितीकरण नीति को वैध ठहराया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत सभी अतिथि अध्यापक इस नीति की शर्तों को पूरा करते हैं, इसलिए उन्हें जून 2014 से नियमित करते हुए सभी लाभ प्रदान किए जाएं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में हरियाणा सरकार ने ग्रुप बी, सी व डी के कच्चे कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए नीति बनाई थी, जिसके तहत 4654 कर्मचारियों को पक्का किया गया था। इसी क्रम में अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण के लिए भी प्रक्रिया शुरू हुई थी लेकिन विधानसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लागू होने से मामला अधर में रह गया। बाद में सरकार परिवर्तन के पश्चात 5 मई 2015 को इन नीतियों को स्थगित कर दिया गया और जून 2018 में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने इन्हें रद्द कर दिया। इसके बाद मामला सर्वोच्च न्यायालय में चला गया, जहां 17 अप्रैल 2026 को दिए गए निर्णय में इन नीतियों को वैध करार दिया गया। जिला सचिव मुकेश घारू ने कहा कि वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त अध्यापकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) की शर्त थोपना अव्यवहारिक है।


अंबाला। विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए टीचर्स। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि यदि अगस्त 2026 के बाद इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हजारों शिक्षकों की नौकरी, पदोन्नति और अन्य लाभ प्रभावित होंगे। अध्यापक संघ ने केंद्र सरकार से मांग की है कि वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से छूट देने के लिए संसद में विधेयक लाया जाए। इस मौके पर रामकरण धीन, प्रदीप सैनी, अकुल शर्मा, नरेश कुमार, निर्मल गोला, मुकेश कुमार और हरपाल साहा सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

*दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में साप्ताहिक सत्संग*

## मानव जीवन का मूल उद्देश्य ईश्वर भक्ति और सत्य के मार्ग पर चलना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी हेमसुता भारती ने श्रद्धालुओं को धर्म,भक्ति और सदाचार का महत्व विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य ईश्वर भक्ति और सत्य के मार्ग पर चलना है। उन्होंने कहा कि सच्चे भक्त पर आने वाले संकट की स्वयं भगवान दूर करते हैं।सत्संग प्रवचन ही श्रद्धालुओं को संयम, विश्वास और भक्ति की प्रेरणा देते है। उन्होंने कहा कि राजा भगीरथ ने अपने पूर्वजों की मुक्ति के लिए कठोर तपस्या कर मां गंगा को पृथ्वी पर लाने का कठिन कार्य किया।उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर गंगा जी पृथ्वी पर अवतरित हुई, जबकि उनके वेग को संभालने के लिए भगवान शिव ने उन्हें अपनी जटाओं में धारण किया।उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प, तपस्या और समर्पण से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं।उन्होंने बताया कि मनुष्य के जीवन में कर्म भक्ति में बाधक नहीं हैं,बस क्रिया को परमात्मा की सेवा से जोड़ने और भाव बदलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सांसारिक प्रेम में व्यक्ति अपने प्रिय का स्मरण करते हुए सभी कार्य सुचारू रूप से करता है, वैसे ही निरंतर नाम सुमिरन करते हुए भी समस्त सांसारिक दायित्व निभाए जा सकते हैं।


अंबाला। सत्संग में मौजूद श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

## युवा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ः विज


अंबाला। मंत्री अनिल विज का आशीर्वाद लेते भाजपा पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

- ऊर्जा मंत्री ने युवा कार्यकर्ताओं को पार्टी गतिविधियों में शामिल होने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि युवा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है और उन्हें पार्टी के लिए बढ़चढ़ कर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्हें पार्टी नीतियों पर चलते हुए संगठन का अधिक से अधिक विस्तार करना चाहिए। विज आज भाजपा सदर मंडल के नवनियुक्त युवा मोर्चा अध्यक्ष अनुज यादव व नवगठित युवा कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकामनाएं देते सैकड़ों की संख्या में मौजूद युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।मंत्री ने युवा कार्यकर्ताओं को पार्टी गतिविधियों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। इससे पहले ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवा कार्यकर्ता जमकर झूमे। विज ने कार्यकारिणी में चुने गए युवा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को फूल-मालाएं पहनाते हुए उन्हें शुभकानाएं दी। भाजपा नेता संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, आशीष, प्रवेश , इकबाल ढांडा, आशीष सभ्रवाल, नविंद्र के अलावा नवगठित युवा मोर्चा कार्यकारिणी से उपाध्यक्ष जयंत तिवारी व अजय, महामंत्री शम्मी चौहान, लाडी कलरहेड़ी, कृष्ण यादव बल्लू, नंदू यादव, प्रिंस, हरजिंद्र के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अधोया में 29 से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**बराड़ा।** उपमंडल के गांव अधोया स्थित दक्षिणमुखी श्री पंचमुखी हनुमान एवं खाटूश्याम जी मंदिर अधोया धाम में 29 अप्रैल से 5 मई 2026 तक श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति के सदस्यों निर्मला देवी, कमलेश छाबड़ा, नीलम आहुजा, सोनिया अलावादी व बृजेश बंसल ने बताया कि कथा का शुभारंभ 29 अप्रैल को सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। यह कलश यात्रा पूरे गांव की परिक्रमा करेगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का वाचन वृंदावन धाम के पूज्य स्वामी अनंत गिरी महाराज द्वारा किया जाएगा। कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत की महिमा का श्रवण कराया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, कथा के दौरान प्रतिदिन प्रातःकालीन पूजन भी किया जाएगा। समापन अवसर पर 5 मई को सुबह 9 बजे हवन का आयोजन होगा, जिसके पश्चात भजन-कीर्तन किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## आर्य समाज का उद्देश्य संस्कारों का प्रसार करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर स्थित आर्य समाज रेलवे रोड पर रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं यज्ञ से हुई, जिससे वातावरण आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत हो गया। सत्संग के दौरान श्री गुरचरण सैनी एवं केपीए के विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा भजनों की प्रस्तुति द्वारा जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षाविद् डॉ. आरके चौहान ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए बताया कि हमें वैदिक सिद्धांतों को अपनाने, सत्य एवं धर्म के मार्ग पर चलने तथा समाज में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने पर जोर देना चाहिए । उन्होंने कहा कि आर्य समाज का उद्देश्य समाज में जागरूकता और संस्कारों का प्रसार करना है। इसके उपरांत पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य एवं आर्य समाज रेलवे रोड के मंत्री डॉ. विकास कोहली ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला।


अंबाला। समारोह में मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर गुलशन चांदना, ओम प्रकाश शर्मा , नरेंद्र गुप्ता, सविता गुप्ता, प्रदीप कुमार, पंकज सूरी, दीपक शर्मा एवं के पी ए के विद्यालय के विद्यार्थी एवं अध्यापिकाएं भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** मंत्री अनिल विज बोले-अनसुने वीरों की गाथा बताएगा स्मारक, पीएम से जल्द उद्घाटन की उम्मीद

# आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक का जल्द होगा उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आशा व्यक्त की कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की स्मृति में अंबाला छावनी में निर्मित हो रहे भव्य शहीद स्मारक का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीघ्र करेंगे। उन्होंने कहा कि इस स्मारक के खुलने के बाद देशभर के लोग यहां आकर उन अनसुने वीरों (अनसंग हीरोज) की गाथाओं को जान सकेंगे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे। विज रविवार को अंबाला छावनी स्थित मॉल रोड पर शैली खन्ना के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम ‘मन की बात’ को सुनने के उपरांत मीडिया से बातचीत कर रहे थे।


अंबाला। मन की बात कार्यक्रम सुनते मंत्री अनिल विज व अन्य।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने ‘मन की बात’ कार्यक्रम में वर्ष 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का उल्लेख किया, जो अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस ऐतिहासिक संग्राम की स्मृति में अंबाला छावनी में लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से एक भव्य शहीद स्मारक का निर्माण किया गया है। इसमें 10 मई 1857 से शुरू हुए स्वतंत्रता संग्राम और देशभर में हुए संघर्षों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। अंबाला, मेरठ, झांसी, कश्मीरी गेट सहित विभिन्न स्थानों पर लड़ी गई लड़ाइयों तथा रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे जैसे महान योद्धाओं के योगदान को भी इसमें दर्शाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि 1857 के कई वीरों को इतिहास में उचित पहचान और श्रद्धांजलि नहीं मिल सकी। इसी को ध्यान में रखते हुए इस स्मारक में विशेष ‘श्रद्धांजलि स्थल’ भी बनाया गया है, जहां लोग उन शहीदों को नमन कर सकेंगे, जिन्हें अब तक पर्याप्त सम्मान नहीं मिल पाया। विज ने बताया कि ‘मन की बात’ कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि मई का महीना 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की याद दिलाता है। उन्होंने मां भारती की वीर संतानों को नमन करते हुए युवाओं, विशेषकर स्कूली बच्चों से आह्वान किया कि वे अपनी छुट्टियों का सदुपयोग करें और कुछ नया सीखने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रातः 11 बजे ‘मन की बात’ कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों से संवाद करते हैं और विभिन्न विषयों पर प्रेरणादायक विचार सांझा करते हैं। इस बार उन्होंने न्यूक्लियर ऊर्जा और पवन ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा बांस उद्योग को बढ़ावा देने का भी आह्वान किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार ने बांस को पेड़ की श्रेणी से अलग कर दिया है, जिससे इस क्षेत्र में नवाचार और उद्योग को बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से उत्तर-पूर्व भारत में बांस उद्योग को सशक्त बनाने के लिए लोगों से बांस से बने उत्पादों को अपनाने की अपील की।

### ‘मन की बात’ कार्यक्रम को नियमित सुनें

श्री विज ने भी लोगों से आग्रह किया कि वे बांस से बने उत्पादों की खरीद कर इस उद्योग को प्रोत्साहित करें, जिससे उत्तर-पूर्व क्षेत्र के विकास को बल मिलेगा। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री ने ‘मन की बात’ में गणित ओलंपियाड में भारतीय विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उल्लेख किया तथा महात्मा बुद्ध के विचारों को भी सांझा किया। कहा कि महात्मा बुद्ध का संदेश आत्म-अनुशासन पर आधारित है-“पहले स्वयं पर शासन करें, फिर दूसरों का मार्गदर्शन करें।” यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि वे ‘मन की बात’ कार्यक्रम को नियमित रूप से सुनें और अपने जीवन का कुछ समय निकालकर इससे प्रेरणा प्राप्त करें, क्योंकि यह कार्यक्रम देश की उपलब्धियों, नवाचारों और सकारात्मक पहलुओं से लोगों को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005